# नगर परिषद शहर के सौंदर्यकरण के लिए कटिबद्ध : सभापति

चूरू, (का.सं.)। वार्ड 13 में कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया के चुनावी बजट घोषणा के तहत व नगर परिषद द्वारा 50 लाख रूपए की लागत से बनाई जा रही निर्माणाधीन सीसी सड़कों का नगर परिषद सभापति पायल सैनी ने निरीक्षण किया।

निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण कर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए सभापति पायल सैनी कहा कि आज तक के इतिहास में इतना विकास कार्य कभी भी नहीं हुआ है। राज्य के मुख्यमंत्री का सिर्फ एक ही ध्येय है कि राज्य के शहर व गांवों में विकास कार्य कम नहीं होने चाहिए। क्यांकि विकास का दूसरा नाम कांग्रेस है। जब जब सत्ता कांग्रेस की आई है तब तब विकास कार्यों को प्राथमिकता से किया जाता है।

भाजपा के राज में तो सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है। विकास के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाया है। इन्होने तो सिर्फ राज्य की भोलीभाली जनता को गुमराह करने का काम किया है। बल्कि कांग्रेस ने जब भी जनता से विकास कार्य करने का वादा किया है तो उसे पूरा भी किया है।

सभापति पायल सैनी ने कहा कि हम शहर के सौंदर्यकरण के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में बेहतर प्लान बनाते हुए शहर के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किये जा रहे है। शहर में नगरपरिषद द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इसी उद्देश्य से सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए काम किया जा रहा है। सभापति ने महिलाओं को वार्डों में होने वाली समस्याओं की जानकारी लेते हुए राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारें में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर वार्ड पार्षद तौफीक खान ने कहा कि मैंने अपने जीवन मे नगर परिषद द्वारा करवाया हुआ कार्य किसी दूसरे सभापति के कार्यकाल में नही देखा। जितना सभापति पायल सैनी के कार्यकाल में हुआ है।

इस मौके पर वार्ड की महिलाओं ने सभापति पायल सैनी का चुनड़ी ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में वार्डवासियों की तरफ से सभापति व पार्षदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद अली मोहम्मद भाटी, तारिक नागौरी, बाबु मंत्री, समीउल्ला, विमल सैनी, शाहिद खान, विनोद खटीक, तौफिक खान, गोकूल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, प्रवीण शर्मा, हेमन्त सैनी आदि मौजूद थे।



चूरू के वार्ड 13 में निर्माणाधीन सड़कों का सभापति पायल सैनी ने निरीक्षण किया।

## 'प्रदेश में कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही है'

चूरू, (का.सं.)। हीरावत पैलेस रतननगर में भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल रही है। सरकार की भर्तिया पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी हुई है।

बैठक के दौरान राङ्गौड़ ने आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुये बताया कि पिछले चार साल में रीट सहित 16 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए है। जिससे 70 लाख युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड हुआ है। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में चुनाव के समय 27 लाख बेरोजगार युवाओं से राहुल गांधी ने 3500 रूपए महीना बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा भी कोरा ढकोसला साबित हुआ है। कोरोना के समय विपरीत परिस्थिति में जनता की सेवा करने वाले सीएचए कर्मियों को भी इस सरकार में सेवा कर दिया। वे सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधिच ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति ऐसे समय ही रही है जब भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को जी 20 व एससीओ जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगठनों की अध्यक्षता करने का अवसर मिला। मोदी की गरीब कल्याण नीतियों और इनोवेटिव विजन से एटी इन कम्बसी प्री.इनकम्सी में बदली। जिससे भारतीय जनता पार्टी ने 53 प्रतिशत वोट के साथ 182 में 156 सीटें जीत कर गुजरात में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पूर्व मन्त्री राजकुमार रिणवा ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपराध पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम रही है। अपराधों का ग्राफ बढ़ गया है और राजस्थान में पूरे देश में अपराध की दृष्टि से पहले नंबर पर आ गया है। पिछले चार साल में सात हजार से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्याए हो चुकी है। रिकॉर्ड 8 लाख 41 हजार से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में अब तक 27 हजार से ज्यादा बेटियों के साथ दुष्कर्म और 1 लाख 65 हजार से ज्यादा महिलाओं के साथ अत्याचार एवं शोषण के मुकदमे दर्ज हो चुके है।

लेकिन सरकार आज तक उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर पाई। प्रदेश में पिछले चार सालों में मासूम बच्चों के साथ दरिंदगी के सारे रिकॉर्ड तोड़े है। कांग्रेस के राज में बाल तस्करी में तो राज्य पहले ही एक नंबर पर था। पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि किसानों का कर्ज दस दिन में माफ करने का वायदा कर सत्ता में आई

## पत्रकार एवं समाजसेवी गोकुलचंद शर्मा का निधन

■ पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई

झुंझुनूं,(निसं)। राज्य के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी गोकुलचंद शर्मा का 87 वर्ष की आयु में मंगलवार 7 फरवरी को मुंबई में निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई हैं।

उन्होंने 1955 से मुंबई में टाइम्स ऑफ इंडिया से अपना करियर शुरू किया। कुछ वर्षो बाद अपनी मातृभूमि झुंझुनूं लौटकर दैनिक राष्ट्रदूत, दैनिक नवज्योति, हिंदुस्तान और फिर राजस्थान पत्रिका में करीब तीन दशक तक झुंझुनूं जिला ब्यूरो चीफ के रूप में अपनी सेवाएं दी। साथ ही वर्षों तक आकाशवाणी जयपुर के भी जिला संवाददाता रहे। उनकी निडर, निष्पक्ष, बेधडक लेखनी का अपने समय में कोई सानी नहीं था।

राजस्थान सरकार से अधिस्वीकृत पत्रकार गोकुलचंद शर्मा की लिखी कई लोकहितैषी खोजपरक खबरें विधानसभा, लोकसभा और बीबीसी तक चर्चा का विषय बनीं। उन्होंने कभी भी सिद्धांतों व मूल्यों से समझौता नहीं किया। झुंझुनूं में सूचना केंद्र, रेडक्रॉस भवन, जेके मोदी स्कूल और मंड्रेला में सरकारी अस्पताल की स्थापना करवाने सहित शर्मा का सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे झुंझुनूं में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन भी रहे और इस दौरान जिले में कई हेल्थ कैंप लगाकर हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया।

वे श्री बंधे का बालाजी मंदिर ट्रस्ट के आजीवन संरक्षक भी थे। वे अपने पीछे भरा.पूरा परिवार छोड कर गए हैं। उनके बडे पुत्र विष्णु भारद्वाज मुंबई में नवभारत के वाणिज्य संपादक, मंझले पुत्र अमित भारद्वाज वरिष्ठ पत्रकार तथा छोटे पुत्र रितेष भारद्वाज मुंबई में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। शर्मा के निधन पर राजनेताओं, सामाजिक व कर्मचारी संगठनों और प्रबुद्धजनों ने शोक व्यक्त किया है।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

झुंझुनूं,(निसं)। शांति एवं अहिंसा विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आगाज बुधवार से जिला मुख्यालय स्थित सेठ मोतीलाल कॉलेज के खेल ग्राउंड से हुआ। बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों के लिए शिविर आयोजित किया गया था। वहीं शहरी क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों का शिविर गुरूवार को आयोजित होगा।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिले में 8 एवं 9 फरवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में अन्य तिथियों के अनुसार प्रत्येक जिले में ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन हो रहा है। प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अस्थमा भवन जयपुर के निदेशक डॉ. वीरेंद्रसिंह ने गांधी दर्शन पर आधारित व्याख्यान देते हुए गांधी जी के जीवन के ऐतिहासिक क्षणों की जानकारी दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

उन्होंने अपने जीवन के भी कुछ लहमों को प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि हमें महात्मा गांधी के जीवन से यह शिक्षा मिलती है कि सत्य और अहिंसा से किसी के मन को जीता जा सकता है। इस दौरान डॉ. धर्मेंद्र सिंह तंवर ने भी गांधी जीवन पर व्याख्यान दिया और कहा कि समाज में व्याप्त बाल विवाह, छुआछूत एवं दहेज जैसी विभिन्न कुरीतियों एवं बेरोजगारी, जातिवाद तथा धर्मवाद जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने में युवा पीढी की भूमिका अहम है।

वर्धा सेवाग्राम आश्रम के प्रतिनिधि मनोज ठाकरे ने गांधी दर्शन पर अपने विचार साझा किये। सत्याग्रह, असहयोग एवं भारत छोडो आंदोलन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने सत्य की राह से असंभव को संभव कर दिखाया। गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक धर्मवीर कटेवा एवं सह संयोजक मुरारी सैनी ने बताया कि महात्मा गांधी के जीवन के सिद्धांतों, विचारों और आदर्शों को आमजन तक पंहुचाया जा सकें इसके लिए राज्य सरकार द्वारा शांति एवं अहिंसा विभाग का गठन करना सराहनीय कार्य है।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी के लिए उपयोगी साबित होगा। इसमें ग्रामीण एवं शहरी अंचल के लोगों में गांधीवादी विचारधारा का प्रसार होने से आपसी भाईचारे, सहयोग एवं सांप्रदायिक सद्भावना स्थापित होगी। समारोह के दौरान एडीएम जेपी गौड ने राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की जानकारी दी। जयपुर से आए प्रशिक्षक सुनील शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं गांधी दर्शन हेतु प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई। शिविर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से राज्य सरकार की फ्लैगशिप एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को प्रदर्शित करती हुई फोटो प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्रचार साहित्य का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनियां, आईसीडीएस के उप निदेशक बिजेन्द्र सिंह राठौड, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, जयप्रकाश शर्मा, कर्मवीर आदि भी मौजूद रहे।

शिविर में 600 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में एडीएम जेपी गौड और गांधी जीवन दर्शन समिति के सह संयोजक मुरारी सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में गुरूवार के समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष डॉ. शंकर यादव होंगे। वहीं अध्यक्षता शांति एवं अहिंसा विभाग के निदेशक मनीष कुमार शर्मा करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में शहरी क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## 'भारत के नव निर्माण में युवाओं का योगदान'

चूरू, (निसं)। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नगर अध्यक्ष रजत शर्मा के नेतृत्व में लोहिया महाविद्यालय के आगे उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में दूसरे चरण में चल रहे नव मतदाता अभियान चलाया गया। यहां उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने नव मतदाता कैंप में बैठकर नव मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन किया व उन्होंने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नए भारत के नव निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। युवा मोर्चा नव मतदाताओं भाजपा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। आने वाले चुनावों में नव मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा दशा बदलने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण ने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता अभियान सार्वजनिक स्थानों पर शिक्षण संस्थानों में व बूथ स्तर पर वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है।

## नीतू व ममता की आवाज सबसे सुरीली, पुरस्कार से नवाजा

झुंझुनूं,(निसं)। जिले के नवलगढ कस्बे में 2 से 5 फरवरी तक मोरारका फाउंडेशन की ओर से आयोजित शेखावाटी उत्सव में टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेता छात्राओं को सम्मानित करने के लिए फाउंडेशन के प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे।

स्कूल की छात्रा नीतू सैनी व ममता कंवर ने एकल गायन सीनियर वर्ग में प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेखावाटी उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी पीरामल दायमा ने विद्यालय में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में एकल गायन प्रथम सीनियर वर्ग में नीतू सैनी एवं तृतीय स्थान प्राप्त ममता कंवर को प्रमाण पत्र व ईनाम देकर सम्मानित किया।

उक्त कार्यक्रम में भागीदारी निभाने पर प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर विद्यालय की प्रधानाचार्या संजू नेहरा को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर टोंक छिलरी सरपंच प्रतिनिधि पूर्णसिंह शेखावत, सामाजिक कार्यकर्ता शीशपाल मूंड, इंद्राज, भूपेंद्र मूंड, राधादेवी, विद्यालय स्टाफ अर्पणा सैनी, मोनिका, महावीर प्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, रामलखन सैनी, जीवनराम, रमेश चंद्र, बाबूलाल सैनी, पंचायत सहायक शर्मिला और सुमन शर्मा व विद्यालय के छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या संजू नेहरा ने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में बच्चों को बढ-चढ कर भाग लेना चाहिए। ताकि उनका मनोबल बढे और वह जीवन में हमेशा प्रगति करें। उन्होंने मोरारका फाउंडेशन के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## सामाजिक अंकेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया

झुंझुनूं,(निसं)। राजस्थान सामाजिक एवं निष्पादन अंकेक्षण प्राधिकरण जयपुर के कलेंडर अनुसार जिले में 15वां वित्त आयोग योजना, मिड डे मिल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व महात्मा गांधी नरेगा योजना का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य चल रहा है।

लोकपाल महावीर प्रसाद तोगडिया व समन्वयक आईईसी अजीत सिंह बिजारणियां ने बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण करने चिडावा पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में पहुंचे। सोलाना ग्राम पंचायत में प्रथम दिवस रिकॉर्ड लेने के बाद बीआरपी जसवीर सिंह, वीआरपी कृष्णा, सपना, आंचल, मोनिका, ममता दो दिवस से बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित पाए गए।

## रतननगर में नरेगा श्रमिक बन रहे साक्षर

चूरू, (का.सं.)। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग की रतननगर को स्वच्छता के क्षेत्र में मॉडल रूप में तैयार करने की मुहिम अब दिन.प्रतिदन अपने नवाचारों के साथ परवान पर है।

इसी कड़ी में रतननगर नगरपालिका में जिला साक्षरता अधिकारी ओम फगेड़िया ने अपनी पूरी टीम के साथ बुधवार को नरेगा श्रमिकों के 15 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान नरेगा श्रमिकों को आखर ज्ञान देने और उन्हें साक्षर किये जाने के कार्य का विधिवत शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन टीम के शिक्षकों द्वारा भोजन.अवकाश के दौरान शहरी नरेगा महिला श्रमिकों को साक्षर बनाने का कार्य किया जायेगा।

फिलहाल इन शहरी महिला श्रमिकों को वार्डों से एकत्रित होने वाले कचरे का पृथक्करण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रतननगर में नवाचार करते हुए स्वच्छ स्वस्थ व साक्षर रतननगर को मूर्त रूप देते हुए इंदिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत निरक्षर श्रमिकों को साक्षर करने के लिये अम्बेडकर भवन, रतननगर मे समाज जागृति एवं महिला उत्थान संस्थान व फिनिश सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के अन्तर्गत इंटर्नशिप कर रहे आशार्थियों ने अब तक 248 निरक्षरों को एनआईएलआर ऐप पर ऑनलाइन करते हुए उन्हें पढ़ना, लिखना एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करना सुनिश्चित किया है। अभियान की जानकारी देते हुये अधिशाषी अधिकारी सुमेर सिंह श्योराण ने स्वच्छ, स्वस्थ व साक्षर रतननगर अभियान को जन.जन तक पहुंचाने की रुपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## एक किलो 500 ग्राम अवैध गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने बीती रात्रि गश्त के दौरान मोटरसाईकिल पर सवार आरोपी को अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राधेश्याम ने बताया कि 07 फरवरी 2023 को हमीरवास थाना पुलिस के फरमान खान उनि. मय कास्टेबल सत्यवान, दिनेश, गजेन्द्र सिंह व सवीता महिला कानि सहित कार्यवाही हेतु थाना से रवाना होकर हमीरवास, नींमा, चाँदगोठी, थिरपाली छोटी में गश्त करते हुए वक्त 04.15 पी.एम. पर थिरपाली बड़ी से गारिन्डा को जाने वाली सडक आम पर पहुँच कर नांकाबंदी शुरू की।

तभी नाकाबन्दी में वाहनों की जाँच के दौरान गारिन्डा की तरफ से एक व्यक्ति मोटरसाईकिल चलाता हुआ आता दिखाया दिया, जिसे फरमान खान उनि ने मय जाप्ता ईशारा देकर मोटरसाईकिल को रूकवाना चाहा तो उक्त मोटरसाईकिल चालक जाप्ता को देखकर मोटरसाईकिल को वापिस घुमाने की कोशिश करने लगा, जिस पर जाप्ता द्वारा उसे रोका जाकर नाम पता पूछा तो वह घबरा गया, तथा अपना नाम सुमेर सिंह पुत्र संतू राम जाति गुर्जर उम्र 52 साल निवासी थिरपाली बड़ी थाना हमीरवास जिला चूरू होना बताया। जिस पर सुमेरिसिंह से मोटरसाईकिल को वापिस घुमाने व घबराने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जबाव नहीं दिया तथा सख्त पुछताछ पर मोटरसाईकिल की बैग में गांजा होना बताया।

मोटरसाईकिल की तलाशी ली गई तो मोटरसाईकिल के बैग में एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली मिली। जिस पर पुलिस ने आरोपी सुमेर सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर प्लास्टिक की थैली में रखा 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर आरोपी सुमेर सिंह के खिलाफ धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर प्रकरण का अनुसंधान सुभाष चन्द्र उ.नि. थानाधिकारी सिद्धमुख को सुपुर्द की गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत जागरुकता रैली के लिए रथ को रवाना किया

झुंझुनूं,(निसं)। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दीक्षा सूद द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली के लिए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को श्री स्वरूप सीनियर सैकंडरी स्कूल बगड से आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से तैयार किए गए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्कूली बच्चों की रैली को रवाना करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दीक्षा सूद ने बताया कि इस वर्ष चार राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन होगा। जिसके तहत पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. मनोज सिंह चेयरमैन टीकेऐन फायर सेफ्टी, प्राचार्य मन्नालाल बागोरिया, निदेशक मनोज भगोरिया, स्वरूप स्कूल बगड के स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सचिव दीक्षा सूद ने आमजन को जागरूक करने के लिए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## सार-समाचार

### स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारी



चूरू, (का.सं.)। जिला कारागृह के सामने सड़क पर पड़े गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आज बुधवार को भी पौने ग्यारह बजे के लगभग एक स्कूटी सवार महिला को इसी गड्ढे के कारण एक पिकअप की टक्कर लग गई। मिली जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार महिला पंचायत समिति चूरू में अपनी ड्यूटी पर जा रही थी। इसी दौरान जिला कारागृह के सामने स्कूटी गड्ढे के कारण असंतुलित हो गई। उसी समय पीछे से आ रही एक पिकअप ने स्कूटी को टक्कर भी मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला स्कूटी सहित नीचे गिर गई। दुर्घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पंचायत समिति के कर्मचारियों को दुर्घटना की सूचना मिलने पर आधा दर्जन के लगभग कर्मचारी दौड़कर जेल के पास पहुंचे। पिकअप गाड़ी खांसोली गांव की बताई जा रही है। स्कूटी सवार महिला को अंदरूनी चोट आई है। बाद में उन्हें पंचायत समिति के कर्मचारी आबकारी विभाग की गाड़ी में बैठाकर पंचायत समिति ले गए। आसपास के लोगों ने बताया कि जेल के पास आए दिन टूटी सड़क के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन की ओर से सब कुछ जानते हुए भी कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। लगता है यहां प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### निजी अस्पताल व चिकित्सक आज से आंदोलन पर

झुंझुनूं,(निसं)। स्वास्थ्य के अधिकार बिल के विरोध में गठित राज्य स्तरीय संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर गुरूवार से निजी अस्पताल और चिकित्सकों की सेवाएं प्रभावित रहेगी। आईएमए के सचिव डॉ. लालचंद ढाका ने बताया कि जिला स्तरीय संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा आंदोलन की रणनीति तय की गई है। जिसके तहत 9 व 10 फरवरी को सभी निजी अस्पताल, क्लिनिक और घर पर सुबह 10 से 12 बजे तक ओपीडी का बहिष्कार रहेगा। यानि कि सुबह दो घंटे तक किसी प्रकार की ओपीडी नहीं होगी। इसी क्रम में गुरूवार को ही सुबह 10 बजे जिला कलेक्टर झुंझुनूं को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें चिकित्सकों की आपत्तियों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। वहीं शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी बात चिकित्सक रखेंगे। इसी आंदोलन के क्रम में 11 फरवरी को राज्य स्तरीय महाबंद के तहत संपूर्ण जिले के निजी अस्पताल, क्लिनिक पूर्णतया स्ट्राइक पर रहेंगे। इस दौरान इमरजेंसी सुविधाओं को भी बंद रखा जाएगा। इसी दिन जिले से अधिक से अधिक संख्या में अस्पताल प्रतिनिधि और चिकित्सक जयपुर पहुंचकर राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। वहीं 11 फरवरी को सभी अस्पतालों और क्लिनिक की तालाबंदी की जाएगी और सिर्फ भर्ती मरीजों को ही डिस्चार्ज की अनुमति होगी। इस मौके पर जिला संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें आईएमए से डॉ. लालचंद ढाका, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. करणसिंह, डॉ. पीएल काजला व डॉ. जेपी बुगालिया, अरिस्दा से डॉ. एस जब्बार, डॉ. राजेंद्र ढाका व डॉ. कैलाश राहड, उपचार से डॉ. कुंदनसिंह मील, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. पुष्पेंद्र बुडानिया, डॉ. कमलचंद सैनी व डॉ. सुभाष भारद्वाज को शामिल किया गया है।

### जनकल्याण की सभी संभावनाओं में होंगे अग्रणी : बुडानियां

चूरू (निसं)। नगर परिषद के पास एवरिष्ठ नेता तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानियां ने अपने चार साल के विकास कार्यों के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर विधायक बुडानियां ने कहा कि हमारी सरकार जनता के लिए बेहद ही संवेदशीलता से कम कर रही है । जनसहयोग एवं मेहनत से हम विकास कार्यों की श्रृंखला में सबसे आगे रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हमारी सरकार आमजन की सरकार है। जनता के बीच रहकर ही जनता की आवाज सुनी जा सकती है। हम जनकल्याण की सभी संभावनाओं पर मिलकर काम करेंगे तथा अग्रणी रहेंगे। कांग्रेस नेता जमील चौहान ने बताया कि विधायक बुडानियां ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में गत 4 वर्षों में किए गए बेमिसाल विकास कार्य का कलेंडर वितरण के माध्यम से जनता को अवगत करवाया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भवरलाल पुजारी, प्रधान संजय कस्वां, पुसाराम गोदारा, कांग्रेस नेता राधेश्याम चोटिया, सुबोध मासूम, पूर्व उपजिला प्रमुख सोहनलाल मेघवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन निर्बान, पी सी सी सदस्य कल्याण सिंह, ताराचन्द सहारण, आरिफ खान पिथिसर, पार्षद दीपिका सोंनी, पार्षद रामेश्वरलाल नायक, देहात अध्यक्ष किशोर धांधू , जिला महिला कांग्रेस सचिव ज्योति सिंह, मुंशी खान, ओम प्रकाश बाकोलिया सहित कांग्रेस पार्टी पदाधिकारि उपस्थित रहे।

### राजस्थान इन्टरनेशनल एक्सपो 2023 में स्टॉल बुकिंग शुरू

चूरू, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई बजट घोषणा की अनुपालना में राजस्थान इन्टरनेशनल एक्सपो 2023 का आयोजन 20 मार्च 2023 से 22 मार्च 2023 तक औद्योगिक क्षेत्र बोरानाडा जोधपुर में किया जा रहा है। उधोग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि इस एक्सपो के आयोजन का उद्देश्य राज्य के एमएसएमई को अपने उत्पादों के निर्यात हेतु विदेशी बाजार उपलब्ध कराना है। एक्सपो में राज्य के हस्तशिल्प, फर्नीचर, टैक्सटाईल, स्टोन, किचन वेयर एवं एग्रोफूड प्रोडक्ट्स उद्योगों के द्वारा उत्पादित वस्तुओं का डिस्प्ले किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक्सपो में लगभग 500 स्टॉल्स का प्रावधान किया गया है। एक्सपो में स्टॉल बुकिंग हेतु लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

### झींगा उत्पादन को मौसमी व्यवसाय घोषित करने की मांग की

चूरू, (का.सं.)। जिला झींगा उत्पादक किसान संघ के जिलाध्यक्ष रियाजत खान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर आगामी बजट में झींगा उत्पादन के व्यवसाय को सीजनल व्यवसाय घोषित करने की मांग रखी। रियाजत खान ने बताया कि मांग पत्र में यह मांग रखी गई है कि चूरू जिले में किसान बंजर भूमि में नवाचार के साथ खारे पानी में झींगा मछली का उत्पादन कर विदेशी मुद्रा का अर्जन कर रहे हैं। झींगा उत्पादन कृषि कार्य के अंतर्गत होता है लेकिन राजस्थान में कृषि व्यवसाय न मानकर एनडीएस के अधीन झींगा उत्पादन के लिए महंगी दरों पर विद्युत आपूर्ति की जाती है। सारा खर्च भी किसानों से वसूला जाता है लेकिन यह एक मौसमी व्यवसाय है। इसलिए झींगा उत्पादन को मौसमी कृषि व्यवसाय घोषित किया जाए।

### मूल अंकतालिका जमा करवाना अनिवार्य

चूरू, (का.सं.)। लोहिया महाविद्यालय के स्नातक भाग प्रथम बीए, बीएससी एवं बीकॉम के समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी जिन्होंने परीक्षा आवेदन.पत्र के साथ उच्च माध्यमिक कक्षा की मूल अंकतालिका नहीं लगाई है। वे शीघ्र ही अपनी मूल अंकतालिका महाविद्यालय की संकाय शाखा कक्ष संख्या चार में 11 फरवरी तक आवश्यक रूप से जमा करवायें। प्राचार्य महावीर सिंह ने बताया कि मूल अंकतालिका के जमा नहीं होने की स्थिति में उनका परीक्षा आवेदन.पत्र विश्वविद्यालय को नहीं भिजवाया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी स्वयं की होगी।

### ढूकिया किसानों के धरने में शामिल हुए

मलसीसर, (निसं)। मंगलवार को किसान संघर्ष समिति मलसीसर द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में गोखरी पंचायत के किसानों द्वारा मलसीसर उपखण्ड के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया किसानों के हक और हित में फसल खराबें का मुआवजा दिलाने के लिए धरने में शामिल हुए। इंजी. ढूकिया ने बताया कि शीतलहर एवं पाले की वजह से चने एवं सरसों की फसल खराब हो गई है।

